संदेश

मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि 1882 में क्षय रोग जीवाणु की खोज करने वाले, डॉ. रॉबर्ट कोच की स्मृति में 24 मार्च, 2018 को 'विश्व क्षय रोग दिवस' मनाया जा रहा है।

क्षय रोग हमारे देश की सबसे बड़ी जनस्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बना हुआ है। अब समय आ गया है कि हम सब 2025 तक भारत से क्षय रोग को मिटाने के ऐतिहासिक अभियान में शामिल हो जाएं।

'विश्व क्षय रोग दिवस' के अवसर पर, मैं सभी हितधारकों से आग्रह करता हूं कि वे क्षय रोग के खिलाफ इस लड़ाई को मिलकर लड़ें और क्षय रोग से होने वाली जीवन-हानि को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं।

आइए, क्षय रोग मुक्त भारत के लिए सभी लोग मिलकर कार्य करें।